# <u>सत्र – 2013 – 2014</u>

**कक्षा – 6** **विषय–हिन्दी** **नियत कार्य–3**

1. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –––

   पुर तें निकसी रघुबीर – बधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।
   झलकीं भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै।।
   फिरि बूझती हैं,''चलनो अब केतिक, पर्नकुटी करिहौं कित ह्वै ?''
   तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चली जल च्वै।।

   (क) नगर से निकलते ही सीता की क्या हालत हो गई ?
   (ख) सीता ने राम से क्या पूछा ?
   (ग) राम की आखों से आँसू क्यों बहने लगे ?

2. नीचे दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

   एक दूसरे बड़े लोकप्रिय गाने आल्हा के हैं। अधिकतर ये बुंदेलखंडी में गाए जाते हैं। आरंभ तो इसका चंदेल राजाओं के राजकवि जगनिक से माना जाता है। जिसने आल्हा ऊदल की वीरता का अपने महाकाव्य में बखान किया, पर निश्चय ही उसके छंद को लेकर जनबोली में उसके विषय को दूसरे देहाती कवियों ने भी समय–समय पर अपने गीतों में उतारा और ये गीत हमारे गाँवों में आज भी बहुत प्रेम से गाए जाते हैं।

   (क) आल्हा अधिकतर कहाँ गाए जाते हैं ?
   (i) बिहार (ii) बुंदेलखंड (iii) प0 बंगाल (iv) गुजरात
   (ख) इसका आरंभ किसके द्वारा माना जाता है ?
   (i) राजकवि जगनिक (ii) विद्यापति (iii) तुलसीदास (iv) कबीरदास
   (ग) महाकाव्य में आल्हा ऊदल की किस विशेषता का वर्णन मिलता है ?
   (i) विद्वता का (ii) वीरता का (iii) विनम्रता का (iv) शक्ति का
   (घ) 'आज भी बहुत प्रेम से गाए जाते हैं।' –– इस वाक्य में 'प्रेम' कौन–सी संज्ञा है ?
   (i) व्यक्तिवाचक संबा (ii) जाति वाचक संबा (iii) भाववाचक संबा (iv) द्रव्यवाचक संज्ञा
   (ङ) 'देहाती कवियों ने' – यहाँ देहाती शब्द है –
   (i) संज्ञा (ii) सर्वनाम (iii) विशेषण (iv) क्रिया –विशेषण

3. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए ।

   (क) 'मत बाँटो इंसान को' कविता के आधार पर धरती को रेगिस्तान बनने से किस प्रकार बचाया जा सकता है ?
   (ख) नौकरों के विषय में गांधी जी क्या सोचते थे ?
   (ग) पैदल चलने के क्या–क्या लाभ हैं ?
   (घ) बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में कब आरंभ हुई होगी ? पाठ के आधार पर उत्तर लिखें।
   (ङ) लुगदी में मिट्टी मिलाकर किसी चीज़ को बनाने की विधि का वर्णन करें।

4. नीचे दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कोयल अपने अंडे जून के महीने में देती है। इसके अंडे का रंग नीला और हरापन लिए होता है। इस पर भूरे रंग के निशान होते हैं। कोयल अपना घोंसला न बनाकर कौए के घोंसले में अंडे देती है। कौए अपने अंडों को अकेला नहीं छोड़ते। नर कौआ और मादा कौआ उन पर सदा बैठे रहते हैं। इसलिए चालाक कोयल थोड़ा नाटक करती है। नर कोयल कौए के घोंसले के पास जाकर खूब शोर मचाता है। इस शोर को सुनकर नर कौआ और मादा कौआ उसे भगाने के लिए उसके पीछे उड़ते हैं।पर नर कोयल उनकी पकड़ में नहीं आता, वह उन्हें उलझाए रखता है। इसी बीच मादा कोयल कौए के अंडे नीचे फेंक देती है और उनके घोंसले में स्वयं अंडे देती है । इन अंडों को अपने अंडे समझकर मादा कौआ उन्हें सेती है। इस प्रकार कोयल के बच्चे जन्म लेते हैं।

(क) कोयल के अंडे कैसे होते हैं ?

(i) सफेद और भूरे रंग के (ii) नीले और हरापन लिए हुए (iii) लाल रंग के (iv) काले निशानवाले

(ख) कोयल अपने अंडे देती है –

(i) कौए के घोंसले में (ii) चिड़िया के घोंसले में (iii) अपने घोंसले में (iv) बत्तख के घोंसले में

(ग) कोयल के अंडे सेती है –

(i) नर कोयल (ii) नर कौआ (iii) मादा कौआ (iv) मादा कोयल

(घ) इनमें से गलत कथन छाँटिए ––

(i) मादा कोयल कौए के अंडे नीचे फेंक देती है ।

(ii) मादा कोयल अपने अंडे नीचे फेंक देती है।

(iii) मादा कौआ अपने अंडों को अकेला नहीं छोड़ती।

(iv) कौए के घोंसले में कोयल के बच्चे जन्म लेते हैं।

(ङ) '<u>चालाक</u> कोयल थोड़ा नाटक करती है।' –वाक्य में रेखांकित पद का नाम है ––

(i) संबा (ii) क्रिया (iii) क्रियाविशेषण (iv) विशेषण

5. नीचे दिए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

वह पावस का प्रथम दिवस जब,
पहली बूँद धरा पर आई,
अंकुर फूट पड़ा धरती से,
नवजीवन की ले अँगड़ाई।
धरती के सूखे अधरों पर,
गिरी बूँद अमृत– सी आकर।
वसुंधरा की रोमावलि– सी,
हरी दूब पुलकी– मुसकाई।

(क) इन पंक्तियों में किस ऋतु का वर्णन है ?

(i) ग्रीष्म (ii) वर्षा (iii) वसंत (iv) शीत

(ख) बारिश की पहली बूँद का धरती पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(i) धरती ने अँगड़ाई ली (ii) धरती जाग गई

(iii) धरती में नया जीवन आया (iv) धरती में से अंकुर फूट निकला

(ग) 'वसुंधरा की रोमावलि' किसे कहा गया है ?

(i) पेड़ों को (ii) मिट्टी को (iii) हरी दूब को (iv) बूँद को

(घ) निम्नलिखित में से कौन– सा 'धरती' का पर्याय नहीं है ?

(i) वसुंधरा (ii) भू (iii) क्षीर (iv) पृथ्वी

(ङ) 'दूब' किसे कहते हैं ?

(i) दूध (iv) अमृत (ii) घास (iii) धूप

6. निर्देशानुसार उत्तर लिखें:–

(क) कटाई (मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए )

(ख) बकरी घास चर रही है। (क्रियाएँ छाँटकर लिखें )

(ग) काम के करने या होने का बोध कराने वाले शब्द ................ कहलाते हैं। ( रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त शब्द से करें )

(घ) शाबाश तुमने तो कमाल कर दिया (उचित विराम – चिह्न का प्रयोग कीजिए )

7. निर्देशानुसार उत्तर लिखें:–

(क) बच्चा रो रहा है। (कर्म के आधार पर क्रिया का नाम बताइए )

(ख) चोर के पीछे सिपाही भागा। (संबंधबोधक शब्द छाँटकर लिखिए )

(ग) यह संसार चलता रहेगा। (वाक्य में क्रिया के काल का नाम लिखिए )

(घ) इक, दार (इन प्रत्ययों से एक– एक शब्द बनाइए )

8. निर्देशानुसार उत्तर लिखें:–

(क) माँ ने खाना बनाया था। (वाक्य में क्रिया के काल का नाम लिखिए )

(ख) पढ़ाकू, चिल्लाहट (इन शब्दों में जुड़े प्रत्यय अलग करके लिखिए )

(ग) किसान हल चला रहा था। ( इस वाक्य को वर्तमान काल में बदलकर लिखिए )

(घ) बड़ों के सामने ................... बोलो। (रिक्त स्थान की पूर्ति उचित क्रियाविशेषण शब्द द्वारा कीजिए )

9. निर्देशानुसार उत्तर लिखें:–

(क) देखो, पक्षी बैठा है पेड़ पर। ( वाक्य शुद्ध करके लिखिए)

(ख) पानी (दो भिन्न अर्थ वाले शब्द लिखें )

(ग) कुल – कूल (इस शब्द युग्म का अलग – अलग अर्थ बताइए )

(घ) प्राकृतीक, स्वास्थय ( शुद्ध रूप लिखिए)

10. निर्देशानुसार उत्तर लिखें:–

(क) मुकुंद ..................... दवाई चाहिए। (रिक्त स्थान में उचित संबंधबोधक शब्द लिखें )

(ख) मोहन, तुम ............... बोलते हो। ( रिक्त स्थान में उचित अव्यय लिखें )

(ग) तुम उत्तर दोगे ............. मैं दूँ ?( रिक्त स्थान में उचित समुच्चयबोधक शब्द लिखें )

(घ) ................! कितनी गरमी है। ( रिक्त स्थान में उचित विस्मयादिबोधक शब्द लिखें )

11. अपने मामाजी को जन्मदिन के उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए ।

————————0————————